## सीसीएसओ कार्यालय में 22 मई को हुई थी घटना, सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे दबंग

# सुरक्षाकर्मियों के सामने दबंगों ने मारपीट कर छीना टेंडर पेपर


सुरक्षाकर्मियों के सामने संवेदक के कर्मी को पीटते दबंग.

अलकारी देवी हॉस्पिटल, धनबाद
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीतू कुमारी सिंह
MBBS, MD, (R.I.M.S), F.M.A.S
NABH और QCI द्वारा स्वीकृत अस्पताल
No ONLINE PAYMENT
Mob: 7520091580, 7520091581

### डिजिटलाइजेशन के दौर में ऑफलाइन टेंडर पर उठ रहे सवाल

वरीय संवाददाता, धनबाद

50 करोड़ के कोल ट्रांसपोर्टिंग के लिए टेंडर डालने पहुंचे संवेदक के कर्मचारी के साथ हुई मारपीट व टेंडर पेपर छिनतई का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इसमें आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी से दबंग सीसीएसओ कार्यालय के समक्ष सुरक्षाकर्मी की मौजूदगी में टेंडर पेपर छीन लिया और पिटाई भी की. आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी के विरोध के बावजूद आधा दर्जन से अधिक की संख्या में मौजूद दबंग टेंडर पेपर छीन कर भागने में सफल रहे. इधर आरए माइनिंग के कर्मी की लिखित शिकायत पर सरायढेला पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है. पुलिस स्टील गेट स्थित सेल के सीसीएसओ कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे का वीडियो फुटेज खंगाल रही है. पुलिस घटना में शामिल दबंगों को पहचान करने में जुटी है. सरायढेला थाना प्रभारी फगुनी पासवान ने बताया कि लिखित शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है. सीसीटीवी फुटेज से मामला सही लग रहा है. बता दें कि सरायढेला थाना क्षेत्र के स्टील गेट स्थित सेल के सीसीएसओ रॉ मटेरियल डिवीजन कार्यालय परिसर के सामने 22 मई को टेंडर डालने पहुंचे आरए माइनिंग के

### कोल ट्रांसपोर्टिंग पर वर्षों से है सिंडिकेट का कब्जा

सेल चासनाला वाशरी में बीसीसीएल की विभिन्न कोलियरी से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग होती है. इन पर धनबाद के दबंग घराने व उनके चहेते संवेदकों के सिंडिकेट का वर्षों से कब्जा रहा है. वे लोग किसी अन्य को कार्य लेने नहीं देते. इस खेल में स्थानीय अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध बतायी जा रही है. जानकार बताते हैं कि डिजिटलाइजेशन के इस दौर में जहां सारे कामकाज ऑनलाइन हो रहे है, ऐसे में सवाल उठता है कि सेल चासनाला वाशरी के लिए ऑफलाइन टेंडर जमा करना कहां तक सही है.

को करीब 50 करोड़ रुपये का टेंडर निकाला गया था. इसके मुताबिक बीसीसीएल के ऐना, कनकनी, चंदन ओसीपी, जयरामपुर व केंदुआडीह कोलियरी से 10 से 45 किलोमीटर के लीड (दूरी) से कुल 21 लाख टन कोयले की ट्रांसपोर्टिंग सेल चासनाला वाशरी तक करनी है. 22 मई बिड जमा करने की अंतिम तिथि थी. संवेदक प्राइस बिड ऑनलाइन पहले ही जमा कर चुके हैं. सूचना के मुताबिक ट्रांसपोर्टिंग कंपनी आरए माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी सुसेन अद्या व तापस प्रसाद 22 मई की सुबह सीसीएसओ टेंडर पेपर जमा करने पहुंचे थे. उसी दौरान उनके साथ सिंडिकेट के गुर्गों द्वारा मारपीट की गयी.

असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पिटल, धनबाद
नवजात शिशु से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चों का सम्पूर्ण इलाज़
● 24 X 7 सेवाएं उपलब्ध
● अत्याधुनिक PICU, NICU की सुविधा
7808368888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद - 828105

बीसीसीएल BCCL Bharat Coking Coal Limited
**भारत कोकिंग कोल लिमिटेड**
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)

No. MND/EO/Per/ENQUIRY/2024/685 Dated: 16.05.2024

To
Sri Bimal Kumar Ojha
S/o Late Dhiren Ojha
Token No 4032, Pers.No. 62981777
Quarter No. JM-535, Jatudih Colony
P.O: Moonidih, Dist. Dhanbad
(Jharkhand) PIN: 828129

Regtd. Post
(Home Address / Local Address)
Sri Bimal Kumar Ojha
S/o Late Dhinen Ojha
Token No.4032, Pers No. 62981777
VIL CHIRUDIH, PO KUSUNDA
PS: PUTKI, Dist. Dhanbad
(Jharkhand) PIN 828116

विषयः- तृतीय एवं अंतिम विभागीय जांच तिथि के सूचना के संबंध में।

संदर्भ:- मुनी०/परी०/प्रबन्धक/अभियोग पत्र/26/2024/H-27, दिनांक 25.01:2024

आप अधोहस्ताक्षरी द्वारा जारी विभागीय जाँच जो कि दिनांक 05.04.2024 को 11:00 बजे सुबह एवं दिनांक -24.04.2024 को 11.00 बजे को निर्धारित की गई थी जिसमें आप अनुपस्थित रहे तथा जाँच प्रक्रिया में भाग नहीं लिए।

अतः अगली जांच की तिथि दिनांक 18.06.2024 को 11:00 बजे सुबह निर्धारित की जाती है एवं उपरोक्त के संबंध में आपको सलाह दिया जाता है की उक्त तिथि को जांच की कार्यवाही में गवाह सहित अपनी उपस्थिती सुनिश्चित करें, अन्यथा जाँच कार्यवाही एकपक्षीय कर आगे की विधि सम्मत कारवाई की जाएगी।

ह0/-(निरांकर दुबे)
जाँच अधिकारी/सहायक प्रबन्धक (कार्मिक)
मुनीडीह कोलियरी

यह सूचना बीसीसीएल की वेबसाइट www.bcclweb.in पर भी उपलब्ध है।

समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे और एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। जिप सदस्य नाजिश रहमानी अनीस अंसारी, अधिवक्ता मुस्लिम अंसारी एवं कांग्रेस नेता मोइन अंसारी, जंगलपुर में झामुमो नेता मन्नू आलम एवं मोकीम अंसारी तथा

विभिन्न क्षेत्रों का मुआयना किया। सभी संवेदनशील स्थानों में पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

# नीडीह और भागाबांध
# ५ साथ बकरीद संपन्न



एक-दूसरे को बधाई देते लोग.

संदर्भ में कोक प्लांट निवासी अरमान अली ने कहा कि खस्सी को पिछले 8 महीने से अच्छी तरह ध्यान पूर्वक पालकर सोमवार को बकरीद के दिन कुबार्नी देते समय उनकी आंखें नम हो गई । कोक प्लांट स्थित पांडरकनाली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जय प्रकाश पासवान, पंचायत समिति प्रतिनिधि निवास रजवार, सियालगुदरी पंचायत के उपमुखिया राजू अंसारी, समाजसेवी शाहरुख खान, डबलू अंसारी, साजन पासवान ने सभी मुस्लिम भाइयों को बकरीद पर्व की शुभकामनाएं दी।

# ाली भव्य कलश यात्रा

## रिया से निकाली गयी भव्य निसान यात्रा



निसान यात्रा में शामिल श्रद्धालु

सिंहल, आयुष जालान, संदीप कथूरिया आदि सदस्य मौजूद थे।

मंडल, नयन मंडल, रंजन मंडल, दीपक मंडल, अजीत मंडल, अंबूज मंडल, उत्तम मंडल, लखन मंडल, सुजल मंडल, राजेश मंडल, सचिव मंडल, मानिक मंडल, गोतम, सेमल, नवीन, राजेंद्र, बिंदु चौधरी, लाल मुर्मू, वकील मुर्मू, मिहीर महतो, अजय महतो, राजेश महतो, निर्मल मंडल आदि मौजूद थे।

# जिप सदस्य विकास महतो के भाई का निधन, सांसद चंद्रप्रकाश ने जताया शोक

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के जिला परिषद संख्या दो के जिप सदस्य विकास कुमार महतो के छोटे भाई के निधन की सूचना पाकर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सोमवार को उनके पैतृक गांव गांव नारकोपी पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट कर सांत्वना दी। साथ ही झारखंड जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक भी शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में रामगढ़ उप मेयर मनोज महतो, आशुतोष पाल, मितेन्द्र दुबे, विकाश चौबे , नरेश महतो, बिरेंद्र सिंह, संतोष महतो, विनोद महतो आदि शामिल थे।

# गायत्री जयंती पर आध्यात्मिक ऊर्जा से सिंदरी में सैकड़ों श्रद्धालु हुए लाभान्वित

**सिंदरी।** गायत्री जयंती के शुभ अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर सिंदरी में कई अनुष्ठानों का आयाजन किया गया। मंदिर प्रांगण में परम पूज्य गुरुदेव एवं परम वंदनीय माता भगवती देवी के सूक्ष्म संरक्षण में नवनिर्मित सजल श्रद्धा-प्रखर प्रज्ञा की त्रिदिवसीय (15-17 जून) प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का संचालन एवं समापन शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधि द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम में 700 से अधिक श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा से लाभान्वित हुए। विद्यारंभ संस्कार, दीक्षा संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, नामकरण संस्कार संपन्न हुए। गायत्री महायज्ञ और दीप यज्ञ के साथ-साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम में पंचतत्व चिकित्सा शिविर भी लगाया गया था। इस चिकित्सा शिविर में लगभग 90 से अधिक रोगियों ने इलाज कराया।

# झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र हेम्ब्रम को पितृ शोक

**बलियापुर।** झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष व बालीचिड़का निवासी राजेंद्र हेम्ब्रम के पिता बुधराय हेम्ब्रम (70 वर्ष) का निधन सोमवार को हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे दो पुत्र, दो पुत्री समेत भरापुरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर पाकर झामुमो जिला सचिव मन्नू आलम, ईश्वर मराडी, निर्मल रजवार, केंद्रीय नेता सुखलाल मरांडी, गुहीराम पाल, सुदाम रजवार, त्रिलोचन महतो, सुनील मुर्मू, मंगल किस्क, पूर्व पार्षद साहेब लाल हेम्ब्रम, सोहन सोरेन, गोपाल महतो, मानिक महतो आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।


बीसीसीएल BCCL Bharat Coking Coal Limited

**भारत कोकिंग कोल लिमिटेड**
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक सं0 :- MND/ED/Per/ENQUIRY/2024/655 दिनांक 16.06.2024

To,
Address]
Sri Bimal Kumar Ojha
S/o Late Dhiren Ojha
Token No. 4032, Pers No. 62981777
Quarter No. JM-535, Jatudih Colony
P.O : Moonidih, Dist . : Dhanbad (Jharkhand)
PIN : 828129

Regtd. Post (Home Address/Local)
Sri Bimal Kumar Ojha
S/o Late. Dhiren Ojha
Token No. 4032, Pers. No. 62981777
Vill. CHIRUDIH, P.O. KUSUNDA
P.S.: PUTKI, Dist. Dhanbad (Jharkhand)
PIN : 828116

विषयः-तृतीय एवं अंतिम विभागीय जांच तिथि के सूचना के संबंध में।
संदर्भः मुनी0/परी0/प्रबन्धक/अभियोग पत्र/26/2024/H-27 दिनांक 25.01.2024

आप अधोहस्ताक्षरी द्वारा जारी विभागीय जाँच जो कि दिनांक 05.04.2024 को 11.00 बजे सुबह एवं दिनांक- 24.04.2024 को 11.00 बजे को निर्धारित की गई थी जिसमें आप अनुपस्थित रहे तथा जाँच प्रक्रिया में भाग नहीं लिए।

अतः अगली जांच की तिथि दिनांक 18.06.2024 को 11.00 बजे सुबह निर्धारित की जाती है एवं उपरोक्त के संबंध में आपको सलाह दिया जाता है की उक्त तिथि को जांच की कार्यवाही में गवाह सहित अपनी उपस्थिती सुनिश्चित करें, अन्यथा जाँच कार्यवाही एकपक्षीय कर आगे की विधि सम्मत कारवाई की जाएगी।

ह0/-( निरांकर दुबे)
जाँच अधिकारी/सहायक प्रबन्धक (कार्मिक), मुनीडीह कोलियरी

यह सूचना बीसीसीएल की वैबसाइट www.bcclweb.in पर भी उपलब्ध है।


आवाज़, धनबाद 18/06/2024